देवशंकर नवीन को बिहार सरकार के राजभाषा विभाग का **विद्यापति सम्मान**

मातृभाषा मैथिली एवं राष्ट्रभाषा हिन्दी में अपनी रचनात्मकता के विशिष्ट योगदान हेतु बिहार सरकार के राजभाषा विभाग ने दिनांक 30 मार्च 2017 को विशिष्ट कवि, कथाकार, समालोचक, अनुवाद-चिन्तक **देवशंकर नवीन** को फणीश्वरनाथ रेणु हिन्दी भवन सभागार, पटना में **विद्यापति सम्मान** से सम्मानित किया। भारतीय भाषा केन्द्र, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली में प्रोफेसर पद पर कार्यरत प्रोफेसर नवीन को यह सम्मान सुविख्यात कवि केदारनाथ सिंह के हाथों दिया गया। सम्मानस्वरूप उन्हें प्रशस्तिि-पत्र, प्रतीक-चिह्न, अंग-वस्त्र एवं पचास हजार रुपए का चेक प्रदान किया गया गया। उल्लेखनीय है कि जे.एन.यू. से पूर्व वे इग्नू, नेशनल बुक ट्रस्ट इण्डिया एवं जी.एल.ए. कॉलेज डाल्टनगंज में अपनी विशिष्ट सेवा दे चुके हैं। मैथिली-हिन्दी में उनके द्वारा लिखित, सम्पादित, अनूदित लगभग चार दर्जन पुस्तकें भारत के सभी श्रेष्ठ प्रकाशन संस्थानों से प्रकाशित हैं।